अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना
विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग

नशामुक्ति अभियान ग्राम देवरीखुर्द काठाकोनी (तखतपुर)

एनएसएस का देवरीखुद में शिविर नशामुक्ति का दिलाया संकल्प

बिलासपुर। नईदुनिया न्यूज

बिलासपुर यूनिवर्सिटी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का द्वितीय शिविर देवरीखुर्द (तखतपुर) में हुआ। शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि यूटीडी के फूड प्रोसेसिंग विभाग के एचओडी प्रो. यशवंत पटेल, अध्यक्षता सरपंच विनोद कौशिक व विशिष्ट अतिथि यतींद्र कौशिक उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि प्रो. पटेल ने कहा कि ग्राम को स्वच्छ, लोगों को जागरूक बनाने एवं समाज के युवाओं को प्रोत्साहित किया। वहीं अध्यक्षता विनोद कौशिक ने कहा कि एकता से काम करने व समाज में अच्छी वातावरण लाने व भारत सरकार की योजनाओं के बारे में बताने के लिए सभी स्वयंसेवकों से आग्रह किया। विशिष्ट अतिथि यतींद्र कौशिक ने आज के युवा वर्ग के विचारों के बारे में बतलाया।

बिलासपुर। शिविर में शामिल विद्यार्थी।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

यूटीडी के वरिष्ठ स्वयंसेवक साजिश भार्गव को राष्ट्रीय शिविर में जाने से उसका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को डिजिटल इंडिया, स्वच्छता अभियान, बेटी शिक्षा, नशामुक्ति के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में यूटीडी के प्रोफेसर, एनएसएस के प्रोग्राम आफिसर प्रो. गौरव साहू सहित वरिष्ठ स्वयंसेवक आशुतोष सिंह, गौरव शर्मा, प्रशांत प्रजापति, आदित्य प्रताप सिंह, पलाश दुआराजीव रत्न तिवारी, अभिषेक बेहुरा, अमन दीक्षित, मनीष कश्यप, साजिश भार्गव आदि उपस्थित थे।